कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा / छाप्रोप्र / ए / शालादर्पण / 2019–20 दिनांक : 03/09/2019

प्रमुख शासन सचिव महोदय
स्कूल शिक्षा विभाग
राजस्थान सरकार, जयपुर

विषयः– छात्रवृत्ति के ऑनलाईन प्रस्तावों की अंतिम तिथि बढ़ाने के संबंध में।

प्रसंगः– बैठक कार्यवाही विवरण क्रमांकः–प.19(2)शिक्षा–6 / 2017 जयपुर दिनाक 26.6.2019

....

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है प्रासंगिक पत्र के द्वारा शाला दर्पण पोर्टल पर छात्रवृत्ति के आवेदन online करने हेतु अंतिम तिथि प्रवेशोत्सव की अंतिम तिथि पश्चात् 7 दिवस निर्धारित की गई है। चूंकि विद्यालय प्रवेशोत्सव की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2019 के आधार पर छात्रवृत्ति के आवेदन हेतु अंतिम तिथि 7 सितम्बर, 2019 है। इस सत्र से शाला दर्पण को भामाशाह पोर्टल से लिंक का कार्य किया गया है, जिससे संस्था प्रधानों को आवेदन online करते समय कई प्रकार की तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिस कारण पात्र विद्यार्थियों के प्रस्ताव पोर्टल पर online करने में तकनीकी समस्या आ रही है इस कारण से ऑनलाईन आवेदन नहीं हो रहे हैं। शालादर्पण पोर्टल में अपेक्षित सुधार का कार्य NIC एवं DOIT, Jaipur द्वारा किया जा रहा है। अतः शाला दर्पण पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2019 किये जाने की अनुमति प्रदान करावें ताकि समस्त पात्र छात्र / छात्राओं के आवेदन online किये जा सकें।

www.rajteachers.com

भवदीय

(नथमल डिडेल)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर